ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा

ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा
ये तन है माटी का पुतला मिटी में मिल जायेगा
ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा

ये सांसे है जब तक रिश्ते सारे तब तक,
छुट जायेगी जब ये साँसे रिश्ते सब टूट जाएगा
ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा

ये चार दिनों का मेला आना जाना है अकेला
राजा रंक हो चाहे फकीरा काल के काल समाएगा
ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा

राम का नाम है सच्चा भजले रहेगा अच्छा
भव सागर का बने सहारा मुक्ति द्वार खुल जाएगा
ये विधि का विधान है जो आया है सो जाएगा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22675/title/ye-vidhi-ka-vidhan-hai-jo-aya-hai-so-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |